13/06/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद, पेमा खांडू ने आज पहली फाइल पर हस्ताक्षर किए, जिसमें मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा योजना (सीएमएसएसएस) के तहत 100 करोड़ रुपये की धनराशि जारी करने की मंजूरी दी गई, जिससे राज्य भर में लगभग अस्सी हजार लाभार्थियों को लाभ होगा। फाइल पर हस्ताक्षर करते हुए श्री खांडू ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों को लाभ पहुंचाने वाली योजना को बिना किसी बाधा के जारी रखा जाना चाहिए, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि आम चुनावों के कारण राज्य का बजट तैयार करने में देरी हुई है, यह आवश्यक है कि सीएमएसएसएस के तहत लाभ जल्द से जल्द जरूरतमंद लाभार्थियों तक पहुंचे।" इस अवसर पर उनके साथ 11 अन्य कैबिनेट मंत्रियों ने भी शपथ ली, जिसका संचालन अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के टी परनाईक ने किया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने श्री पेमा खांडू को अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने शपथ लेने वाले अन्य मंत्रियों को भी बधाई दी, उन्होंने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से तेज गति से विकास सुनिश्चित करके लोगों की सेवा करने के उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

इसके अलावा, शपथ ग्रहण समारोह के बाद मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने मीडिया कर्मियों के साथ बातचीत की, जहां उन्होंने मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया और

कहा कि लोकतांत्रिक राष्ट्र का चौथा स्तंभ होने के नाते प्रेस ने राज्य में पिछले आम चुनाव में अविश्वसनीय रूप से अपनी भूमिका निभाई  और लोगों को अपने मौलिक अधिकारों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने पीएमओ और भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी बधाई दी और बेहतर और विकसित अरुणाचल प्रदेश के निर्माण के लिए आशा व्यक्त की। साथ ही, श्री खांडू ने बताया कि नवगठित कैबिनेट मंत्री जल्द ही राज्य में 100 दिनों के विकास कार्यों की योजना बनाएंगे, जिससे राज्य में विकास और प्रगति में मदद मिलेगी।     000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाईक ने विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर राज्य के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह अवसर जरूरतमंद लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नियमित रक्तदान की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाएगा। राज्यपाल ने विशेष अवसर पर रक्त जरूरतमंद लोगों को रक्त के अनमोल उपहार के लिए अरुणाचल प्रदेश के सभी रक्तदाताओं को बधाई दी। राज्यपाल ने प्रत्येक सक्षम व्यक्ति से अनुमेय आयु और स्वास्थ्य सीमा के भीतर रक्तदान करने का भी आग्रह किया।

000000000000000000

केंद्र ने सर्वोच्च न्यायालय को सूचित किया है कि एक हजार पांच सौ तीरसठ नीट छात्रों को एमबीबीएस, बीडीएस तथा अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए अतिरिक्त अंक देने का फैसला रद्द कर दिया है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ को केंद्र तथा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने बताया कि जिन विद्यार्थियों को अतिरिक्त अंक मिले थे उनके पास तेईस जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प रहेगा। एजेन्सी ने कहा कि पहले से घोषित काउंसलिंग कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं होगा क्योंकि दोबारा होने वाली परीक्षा के परिणाम 30 जून तक घोषित किए जाएंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने आज इस बात को दोहराया कि वह नीट-यूजी 2024 प्रवेश काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाएगा।

केंद्र सरकार ने कहा है कि राष्ट्रीय पात्रता-प्रवेश परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक होने का कोई सबूत नहीं मिला है। नई दिल्ली में शिक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से बातचीत में श्री धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों और अभिभावकों को आश्वासन दिया कि केंद्र उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मामला सर्वोच्च न्यायालय में है और परीक्षा के संबंध में शिक्षाविदों की एक समिति भी बनाई गई है।

00000000000000000

पापुम पारे जिले के बागवानी विभाग ने गृह मंत्रालय की जेलों के आधुनिकीकरण परियोजना के तहत इस महीने 13 मई से 13 जुन तक जिला जेल जुली के कैदियों के लिए "फूलों की व्यवस्था, गुलदस्ता, फूलों का आधार बनाना" पर एक महीने का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य कैदियों के कौशल विकास के साथ-साथ सुधार और पुनर्वास प्रदान करना था। प्रशिक्षण में फूलों की सजावट की विभिन्न शैलियों और तरीकों, विभिन्न प्रकार के गुलदस्ते और फूलों के आधार बनाने के साथ-साथ महत्वपूर्ण सजावटी फसलों के विभिन्न खेती पहलुओं पर सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों सत्र शामिल थे।

कुल मिलाकर, बत्तीस कैदियों ने भाग लिया और सफलतापूर्वक प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा किया।

0000000000000000

भारतीय कराटे टीम के आठ सदस्यों में से अरुणाचल प्रदेश के जॉनी मंगखिया, अबाब सांगदो और मेसोम सिंघी आज से रूस के कज़ान में इस महीने की तेईस तारीख को आयोजित होने वाले ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) खेलों में भाग लेंगे।

0000000000000000

स्कूल शिक्षा विभाग ने 2024-25 शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ Mission Learning Enhancement अरुणाचल प्रदेश (LEAP) के हिस्से के रूप में महत्वपूर्ण शैक्षिक पहलों की एक श्रृंखला शुरू की है। Reach to Teach Foundation (नीति आयोग के नॉलेज पार्टनर) के सहयोग से डिजाइन और विकसित की गई पहल में स्कूल रेडीनेस प्रोग्राम (एसआरपी), लर्निंग रिकवरी एंड एन्हांसमेंट प्रोग्राम (एलआरपी और एलईपी), बोर्ड परीक्षा तैयारी पहल, सभी कक्षाओं के लिए बैगलेस शनिवार और कक्षा 6 से 12 के लिए व्यावसायिक कौशल शिक्षा तथा कक्षा 1 से 3 के लिए 100-दिवसीय एफएलएन पठन अभियान शामिल हैं। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप हैं और इसका उद्देश्य राज्य भर के सभी सरकारी स्कूलों में शिक्षण और सीखने के परिणामों को बढ़ाना है। यह वर्ष अरुणाचल प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा क्योंकि एनएएस 2024 आ रहा है और राज्य बोर्ड परीक्षाओं में छात्रों के प्रदर्शन में सुधार पर जोर दे रहा है।

इन पहलों के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए, राज्य ने सभी 26 जिलों में जिला टास्क फोर्स (डीटीएफ) की स्थापना की है, जिसमें जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी), डीआईईटी प्रिंसिपल, शिक्षाशास्त्र समन्वयक, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (शैक्षणिक) और ब्लॉक संसाधन केंद्र समन्वयक (बीआरसीसी) सहित जिला अधिकारी शामिल हैं।

0000000000000000